हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 4 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.9 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री

12 थाने व सब तहसील का डीसी ने किया औचक निरीक्षण



12 वर्ली आर्ट में रामपुर सरसेहड़ी की अनुष्का ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### युवक ने 10 वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसकी 10 वर्षीय लड़की दो दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान उसकी बेटी को राजेश कॉलोनी बाड़ी माजरा निवासी प्रियांशु उर्फ चीनू बहला फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने डरा धमका कर उसकी बेटी के साथ गलत काम किया। आरोपी ने उसकी बेटी को इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी उसकी बेटी को घर के नजदीक छोड़कर मौके से फरार हो गया। तबीयत बिगड़ने पर जब उसने अपनी बेटी से इस बारे पूछा तो उसने घटना के बारे में बताया।

### दुकान में सेंधमारी कर दो लाख की नकदी चोरी

**यमुनानगर।** गांव खानपुरा निवासी बलजिंदर कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी गांव खानपुरा हडोली अड्डे पर हलवाई की दुकान है। एक दिसंबर को उसके पास दो लाख रुपये की पेमेंट आई थी। उसने यह पेमेंट दुकान में रख दी और रात को आठ बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर खोलने पर अंदर सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान में रखे दो लाख रुपये गायब मिले। जब उसने जांच की तो दुकान की पिछली दीवार टूटी हुई मिली।

### मकान में अलमारी से 6.20 लाख रुपये चोरी

**यमुनानगर।** कैंप पार्क निवासी शोभित सुनेजा ने गांधीनगर पुलिस को बताया कि 15 नवंबर को उसके पास 6 लाख 10 हजार रुपये की पेमेंट आई थी। यह पेमेंट उसने अपने घर की अलमारी में रख दी थी। शाम को करीब सात बजे वह किसी काम से घर से बाहर गया था। रात को करीब साढ़े आठ बजे जब वह वापस लौटा तो घर में अलमारी खुली मिली। जांच करने पर अलमारी में रखें छह लाख 10 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### समारोह में डीजे बजाने को लेकर दो पक्ष भिड़े

**यमुनानगर।** गांव जटहेड़ी निवासी संदीप कुमार ने छछरौली थाना पुलिस को बताया कि उनके गांव में शादी समारोह था। समारोह में रविंद्र, ललित, विशाल व अंकित आए हुए थे। इस दौरान उनका रविंद्र व उनके साथियों के साथ डीजे बजाने को लेकर आपस में बहस हो गई। आरोपी रविंद्र, ललित, विशाल व अंकित ने गाली-गलौज व हाथापाई करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने साहिल के गले से सोने की चेन निकाल ली और इसके बाद समारोह में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और गाड़ियों से करीब 80 हजार रुपये चोरी कर लिए।

## कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन

# ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लोक संस्कृति के अनोखे संगम ने छोड़ी अपनी अलग छाप

तरुण वधवा ▸▸ कुरुक्षेत्र

- विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृति ने पर्यटकों में जोश भरने का काम किया

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट ब्रह्मसरोवर की मध्यम लहरों और लोक संस्कृति के अनोखे संगम ने अपनी एक अलग छाप छोड़ने का काम किया है।

इस महोत्सव में विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों द्वारा अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति को दिखा रहे है। एनजैडसीसी की तरफ से बीन बांसुरी, कच्ची घोड़ी के नृत्य व नगाडे और ढोल की थाप पर लोग थिरकते नजर आ रहे है। इन लोक क ला का रों की धुन और मधुर आवाज के सामने महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक अपने आप को महोत्सव के रंग में रगने से रोक नहीं पा रहा है। इस लोक संस्कृति ने पर्यटकों में जोश भरने का काम किया है। ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आए लोक कलाकारों की लोक कला को संजीव रखने का यह एक अनोखा मंच है। गीता महोत्सव में आए शिल्पकारों का कहना है कि वे अपनी इस शिल्पकला को संजीव रखने के लिए अपने-अपने प्रदेश में हजारों युवाओं को भी इस शिल्पकला को सिखाने का काम कर रहे है। इस शिल्पकला से हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिल रहे है। शिल्पकारों और लोक कलाकारों का कहना है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन हर प्रदेश में होना चाहिए ताकि लुप्त होती शिल्प और लोक कला को संरक्षित किया जा सके।



**कुरुक्षेत्र।** गीता महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

### लकड़ी की कारविंग कला से जीता पर्यटकों का दिल

*कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों ने अपनी हस्त शिल्पकला को अद्भुत तरीके से सजाने का काम किया गया है। अहम पहलू यह है कि सांगवान की लकड़ी से पॉट बनाकर और कारविंग की शिल्पकला को पूरे राष्ट्र में पसंद किया गया। अहम पहलू यह है कि सहारनपुर से आए शिल्पकार आरिफ पिछले कई सालों से महोत्सव में अपनी शिल्पकला के साथ पहुंच रहे है। ब्रह्मसरोवर के पावन घाटों पर अलग-अलग राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की शिल्पकला पर्यटकों के मन को मोह लिया है। गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 5 दिसंबर तक लगने वाले इस सरस और शिल्प मेले में शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला की मेहनत के सार को खुद में ही बयां कर रही है। महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर सहारनपुर से आए आरिफ ने महोत्सव में स्टॉल नंबर 769 पर अपनी शिल्पकला को रखा है। शिल्पकार आरिफ ने बातचीत करते हुए बताया कि वे अपने साथ लकड़ी का बना साज्जों-सजावट का सामान लेकर आए है। वे यह सारा सामान सांगवान, नीम, शीशम व टीक की लकड़ी से बनाते है। अपनी हस्त शिल्पकला का प्रदर्शन अन्य राज्यों में भी करते है। वे इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कई वर्षों से आ रहे है तथा इस बार वे अपने साथ झूला, कॉफी सेट, टी सेट, रॉकिंग चेयर, रेस्ट चेयर, फ्लावर पोर्ट, कार्नर व स्टूल लेकर आए है।*

### मिट्टी से बने बर्तन महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को कर रहे आकर्षित



**कुरुक्षेत्र।** गीता महोत्सव में मिट्टी के बर्तनों के स्टाल पर खरीदारी करते पर्यटक। *फोटो : हरिभूमि*

**कुरुक्षेत्र।** गीता महोत्सव पारंपरिक शिल्पकारों को अपनी शिल्पकला का प्रदर्शन करने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। यह महोत्सव न केवल उनकी कला को पुनर्जीवित कर रहा है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दे रहा है। इस वर्ष महोत्सव में मिट्टी के बर्तनों के अनेक स्टॉल लगाए गए है, ये स्टॉल पर्यटकों के बीच एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर उनका ध्यान अपनी तरफ खींच रहे है। मिट्टी के ये बर्तन हमारे स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभदायक है। कुरुक्षेत्र के गांव पिपली के रहने वाले शिवचरण ने अपने स्टॉल नंबर 680 पर बातचीत करते हुए बताया कि पर्यटक मिट्टी के बर्तनों के प्रति अपनी विशेष रुचि दिखा रहे है, जिसे अब केवल एक शिल्प के रूप में नहीं, बल्कि एक स्वस्थ जीवन शैली के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। मिट्टी के बर्तनों में पकाया या रखा गया भोजन और पानी अपने प्राकृतिक स्वाद और मिनरल्स को बनाए रखता है। लोग अब मिट्टी के बर्तनों के स्वास्थ्य लाभों को समझ रहे हैं। वे फ्रिज के ठंडे पानी के बजाय, घड़े का ठंडा पानी पीना पसंद करते हैं, क्योंकि यह गले के लिए आरामदायक होता है और प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है। उन्होंने कहा कि वे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्म सरोवर के तट पर अपने मिट्टी के बर्तनों को बेच ही नहीं रहे है, बल्कि दूसरों को भी बिजली के चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाकर दिखा रहे है। मिट्टी के बर्तन बनाना उनका पुश्तैनी काम है। उनके परिवार के सदस्य भी ये काम करते आए हैं और अब भी गांव में वह यह काम करते है। लेकिन उन्होंने आधुनिकीकरण के इस जमाने में और प्रतियोगिताओं के दौर में अपने बर्तनों को नया रूप देते हुए इन्हें आज के बाजार में उतारा है। वह अपने पास मिट्टी के मुखौटे, तुलसी गमले, रिंग बेल फ्लावर पॉट, वॉटर बॉल इत्यादि रखे हुए हैं। पहले मिट्टी के बर्तन सीधे चाक पर बनाए जाते थे, लेकिन आधुनिक जमाने में अपने आप को स्थापित करना बड़ी चुनौती है, इसलिए वह इन्हें नए-नए आकार देकर और इन पर मिट्टी की पॉलिश करके इन्हें साफ सुथरा बनाते हैं ताकि यह और अधिक आकर्षक बन सके।

## दुकानदार पर गोली चलाने के आरोपी अस्पताल से गिरफ्तार

- दो लाख रुपये में हुई थी व्यापारी हत्या की डील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

व्यापारी रामबीर शर्मा की हत्या की डील 2 लाख रुपए में हुई थी। इसमें शूटर्स को 1 लाख रुपए एडवांस मिल गए थे। पुलिस को जयकुमार और उसकी फैमिली पर शक ना हो, इसके लिए शूटर्स ने वारदात में इस्तेमाल बाइक और कपड़ों को जला दिया। साथ ही पुलिस को जयकुमार उसके बेटे विशाल के साथ फोन पर हुई बातचीत की डिटेल और सबूत ना मिले, उसके लिए शूटर्स ने अपने मोबाइल और सिम तोड़ कर फेंक दिए थे।

हालांकि पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल जलाई हुई बाइक को बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस 6 आरोपियों को पकड़ चुकी है। पुलिस टीम ने खेडी मारकंडा में दुकानदार रामबीर पर गोली चलाने तथा उसकी हत्या करने के मामले में मुठभेड़ में घायल आरोपियों को हस्पताल से छुट्टी के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपियों को पैर मे गोली मारकर काबू किया था वहीं तीसरे आरोपी को सुरक्षित गिरफ्तार कर लिया था।

### दो आरोपी गोली लगने से हुए थे घायल

*अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक प्रतीक गहलोत ने बताया कि 28 नवम्बर को पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर तीन लड़के हैं जो संदिग्ध हैं तथा उनके पास हथियार हैं जो गांव झीरबडी के पास घुम रहें हैं जो किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर पुलिस की टीम एनएच-44 पर झीरबड़ी के पास करनाल की तरफ सर्विस लेंन पर पहुंची जहां पर एक मोटरसाइकिल पर तीन लडके दिखाई दिए। पुलिस टीम ने शक के आधार पर मोटरसाइकिल सवार तीनों लडकों की तलाशी लेने के रुकने का इशारा किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर चार राउंड फायर किये। पुलिसकर्मियों ने अपने आप को बचाते हुए जवाबी फायरिंग की जो दो आरोपियों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस टीम ने तीसरे आरोपी को सुरक्षित गिरफ्तार कर लिया था।*

## पोक्सो एक्ट के दोषी को सुनाई पांच साल कठोर कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने पोक्सो एक्ट के आरोपी सावेज उर्फ गोलू वासी जिला हरिद्वार उतराखंड को 5 साल कठोर कारावास व 50 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। 17 फरवरी 2022 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना शाहबाद वासी एक महिला ने बताया कि जिला पटियाला में उसकी शादी हुई है।

उसकी नाबालिग लडकी अपने मामा के घर आई हुई थी। जब उसकी लडकी मामा के घर पर अकेली थी तो आरोपी ने उसकी लडकी के साथ अश्लील हरकत की। लडकी ने उसका विरोध किया तो आरोपी उसको शादी का झांसा देकर बहलाने लगा। लडकी के घर आने के बाद आरोपी ने उसकी लडकी को डराया की उसकी वीडियो नेट पर डाल देगा। जब वह अपनी लडकी को लेकर आरोपी के पास गई तो उसने उनके साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी । जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच अमल में लाई गई।

## पानीपत नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स न देने पर दो फैक्ट्रियों समेत छह संपत्तियां सील की

*बकाएदारों पर 44.38 लाख था बकाया*

- जगाधरी के मानकपुर और पटेल नगर में दो फैक्ट्रियों और यमुनानगर में चार दुकानों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों पर नगर निगम यमुनानगर की टीम ने फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो फैक्ट्रियों समेत छह संपत्तियां को सील कर दिया। निगम की टीम ने यमुनानगर जोन में चार और जगाधरी में दो संपत्तियों सील की। इन बकाएदारों पर नगर निगम का 44 लाख 38 हजार 310 रुपए टैक्स बकाया था।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर क्षेत्रीय कराधान अधिकारी संजय कुमार की टीम बुधवार देर शाम जगाधरी के पटेल नगर पहुंची। यहां निगम की टीम ने एक फैक्ट्री को सील कर दिया। इस संपत्ति पर निगम का 1641676 रुपए टैक्स बकाया है। सील करने के बाद निगम कर्मियों ने फैक्टी के गेट पर चेतावनी नोटिस भी चस्पा किया। जिस पर निगम की अनुमति बिना सील खोलने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात लिखी हुई थी। इसके बाद निगम की टीम ने मानकपुर फेस 2 स्थित मेटल फैक्ट्री को सील कर दिया। इस पर निगम का 242968 रूपये टैक्स बकाया था। हालांकि बाद में फैक्टी मालिक ने ऑनलाइन पूरा टैक्स जमा करवा दिया। जिसके बाद निगम ने फैक्ट्री की सील खोल दी गई। इसी तरह यमुनानगर जोन में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया और जितेंद्र मल्होत्रा की टीम ने नेताजी सुभाष नगर में राजकुमार की दुकान को सील किया। इस पर 177492 रूपये टैक्स बकाया है। इसके बाद यमुनानगर बस स्टैंड के पास इंद्र की दुकान को सील कर दिया। इस पर 222901 रूपये टैक्स बकाया है। इसके बाद गोविंदपुरी रोड पर प्रवीण कुमार और मॉडल टाउन में राघवेन्द्र की दुकानों को सील किया गया।

प्रवीण की संपत्ति पर 1817646 रुपए और राघवेन्द्र की दुकान पर 335627 रूपये टैक्स बकाया है। संपत्तियां सील करने के साथ ही निगम द्वारा उन पर चेतावनी नोटिस चस्पाया कि यदि नगर निगम की अनुमति के बिना सील से छेड़छाड़ की या इसे खोलने का प्रयास किया गया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**यमुनानगर।** बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा न कराने पर फैक्ट्री सील करते निगम कर्मी।

### बकायादारों पर जारी रहेगी कार्रवाई

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स जमा न कराने वालों पर नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों की अब संपत्तियां सील की जा रही है। सीलिंग कार्रवाई से बचने के लिए संपत्ति मालिक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराए। उन्होंने बताया कि जिनकी संपत्ति सील की गई है, उन्हें कई बार नोटिस जारी कर चेताया गया था। टैक्स जमा न कराने पर बकाएदारों को सुनवाई के लिए निगम कार्यालय बुलाया गया था। सुनवाई के बाद भी संपत्ति कर जमा न कराने पर सीलिंग कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इसलिए बकाएदारों से अपील है कि वे अपना संपत्ति कर नियमित जमा कराते रहे।

### लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने की गीता महाआरती और पूजा

# गीता में मिलता है जीवन की हर समस्या का हल

- केडीबी की तरफ से मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता का उद्देश्य परमात्मा, आत्मा तथा सृष्टि विधान के ज्ञान को स्पष्ट करना है। जीवन की हर समस्या का हल गीता में मिलता है। गीता के प्रत्येक शोक में जीवन के हर प्रश्न का उत्तर शामिल है। जीवन उतार-चढ़ाव की एक यात्रा है।

यदि इस यात्रा में कोई पथ पर्दशक है तो वह केवल गीता ही है। ऐसा कोई मनुष्य नहीं, जिसके जीवन में कष्ट और परेशानियां न हों। लेकिन ऐसे दुखद समय का सामना करने का हौसला केवल गीता से ही प्राप्त होता है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बुधवार को देर सायं ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में महोत्सव के गीता महाआरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, दिल्ली 30 हजारी कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नवीन कश्यप, उनकी धर्मपत्नी अनिता कश्यप, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आत्म प्रकाश मनचंदा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर ब्रह्मसरोवर की महाआरती और पूजा-अर्चना की तथा दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से महाआरती का शुभारम्भ भी किया। इस महाआरती का गुणगान पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र ने किया।

केडीबी की तरफ से सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव के माध्यम से लोगों तक न केवल भगवान श्रीकृष्ण का पवित्र संदेश पहुंचा, बल्कि इस आयोजन से उनके जीवन में निष्काम कर्म की महत्ता का भी अहसास हुआ। विशेषकर युवाओं के उत्साह को देखकर पता चलता है कि उनकी धार्मिक भावनाएं आज भी श्रीमद्भगवद्गीता के साथ जुड़ी है।



**कुरुक्षेत्र।** महाआरती में भाग लेते जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर केडीबी सदस्य विजय नरुला, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, सौरभ चौधरी, सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी, हरमेश सिंह सैनी, सुशील राणा, डा. अलकेश मोदगिल, राजेश शांडिल्य, डा. संदीप छाबड़ा, नंगली वाली कुटिया से स्वामी दिव्यानंदपुरी, महात्मा गोपालानंदपुरी, संत त्यागपुरी, संत माधवपुरी, संत सनातनपुरी, संत दयालपुरी, हिमाचल आलू अनुसंधान केंद्र के निदेशक देवेंद्र ठाकुर, पंजाब विवि संगीत विभाग के अध्यक्ष डा. विवेक वर्मा, सर्बजीत बंसल, सचिन गर्ग, समाजसेवी निशी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मी को कुचलने वाले चालक को 10 साल की कैद

- दोषी सावन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

असिस्टेंट सेशन जज की कोर्ट ने पुलिस विभाग में नियुक्त स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) जोगिंद्र पुत्र रणबीर निवासी गांव पलडी (पानीपत) पर कार चढा कर उसकी गैर इराद हत्या करने के आरोपी सावन पुत्र बलवान निवासी गांव कालखा को दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं एएसजे की अदालत ने दोषी सावन पर 25 हजार रूपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

**यह है मामला :** पानीपत यातायात पुलिस में नियुक्त एसपीओ जोगिंद्र पुत्र रणबीर निवासी गांव पलडी जिला पानीपत तीन जून सन 2020 को थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में अपनी टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहा था। इस दौरान पुलिस टीम ने कार संख्या एचआर-26-एवी-1718 को चालक को जांच के लिए रूकने का इशारा किया। वहीं कार चालक ने पुलिस टीम को धमकी दी और अपने वाहन को तेज गति दे लगा लिया। इधर, एसपीओ जोगिंद्र ने कार को रोकने का प्रयास किया तो चालक सावन ने उस पर का चढा दी। जबकि कार की चपेट में आने से ई रिक्शा चालक घालय हो गया, दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान एसपीओ जोगिंद्र की मौत हो गई। इधर, यातायात पुलिस टीम में तैनान एएसआई रविंद्र कुमार की शिकायत पर आरोपी सावन पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**खबर संक्षेप**

## 17 को रिटायर्ड कर्मचारी करेंगे धरना-प्रदर्शन

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की नीलोखेड़ी ब्लॉक की बैठक सोमवार को गोल मार्केट पार्क में खंड प्रधान हरपाल सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव बाबूराम ने किया। बैठक में जय सिंह, लिछमण दास, मुल्खराज, रमेश कुमार फूले, बलराज सिंह, सुरेंद्र रावत, सुरेंद्र सिंह पाल व हुकमसिंह राणा विशेष रूप से मौजूद रहे।
प्रधान हरपाल सिंह राणा ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 17 दिसंबर को देशभर में उपायुक्त कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे।



## एसडीओ के सस्पेंशन पर कर्मचारियों का विरोध

करनाल। बिजली विभाग रामनगर सब डिवीजन के एसडीओ सर्वेश दहिया को सस्पेंड करने के विरोध में विभाग के कर्मचारियों ने सोमवार सुबह जोरदार प्रदर्शन किया। सस्पेंशन की सूचना मिलते ही कर्मचारियों ने काम बंद कर कार्यालय के बाहर धरना दे दिया। लगभग दो घंटे तक कार्य पूरी तरह ठप रहा। कर्मचारियों सुशील गुर्जर, जगपाल, राजकुमार चौधरी, समय सिंह, सौरभ और कुलदीप ने कहा कि एसडीओ सर्वेश दहिया ईमानदार और मिलनसार अधिकारी हैं, जो कर्मचारियों को हमेशा जनता की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन पर गलत व्यवहार का आरोप लगाकर सस्पेंड करना उचित नहीं है। कर्मचारी नेताओं ने मांग की कि सस्पेंशन आदेश तुरंत रद्द करके उन्हें बहाल किया जाए।
धरने में साहब सिंह सुरेंद्र, छत्रपाल राणा, सतीश, प्रदीप, सुरेश, बिट्टू, संतलाल समेत सब-डिवीजन के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



## बीएलओ आत्महत्याओं के विरोध में धरना

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, जिला करनाल ने अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बीएलओ की बढ़ती आत्महत्याओं के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना दिया। अध्यक्षता जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने की, जबकि संचालन सचिव सेवा राम ने किया। सुशील गुर्जर, सेवा राम, सतपाल सैनी और ओ.पी. माटा ने कहा कि चुनाव संबंधी एसआईआर का कठिन कार्य बिना प्रशिक्षण और बिना सुविधाओं के, जल्दबाजी में कर्मचारियों पर थोपा जा रहा है। अधिकारी समस्याएं सुनने के बजाय धमकियां दे रहे हैं, जिसके कारण देशभर में अब तक 30 से अधिक बीएलओ आत्महत्या कर चुके हैं। सर्व कर्मचारी संघ ने मांग की कि सभी कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए, सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, एसआईआर प्रक्रिया के लिए पर्याप्त समय दिया जाए।

### समीक्षा बैठक में आवारा पशु नियंत्रण पर चर्चा

# निगमायुक्त ने अवैध डेयरियों को सील करने के दिए निर्देश

निगमायुक्त का स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को पूरा करने पर फोकस, बल्क वेस्ट जेनरेटरों पर कड़ा एक्शन लेने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कार्यभार संभालने के बाद बुधवार को निगम अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025, अवैध पशु डेयरियों की सीलिंग, आवारा पशु नियंत्रण, बल्क वेस्ट जेनरेटरों की चैकिंग, सी एंड डी वेस्ट प्रबंधन तथा पशु टैगिंग जैसे प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। आयुक्त ने अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में करनाल को पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य रखा जाए और इसके लिए विस्तृत एक्शन प्लान बनाकर तुरंत लागू किया जाए। उप-निगमायुक्त अभय सिंह व मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा को आदेश दिए गए कि शहर में चल रही सभी अवैध डेयरियों की पहचान की जाए और जल्द ही बड़े स्तर पर सीलिंग अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध डेयरियों से शहरवासियों को भारी परेशानी होती है, जिन्हें हटाना निगम की प्राथमिकता है।



समीक्षा बैठक में अफसरों को निर्देश देतीं नगर निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा।

### आवारा पशुओं को स्कूलों व बाजारों से हटाने के निर्देश

निगमायुक्त ने कहा कि मुख्य सड़कें, नेशनल हाईवे, शिक्षण संस्थान, अस्पताल व मार्केट एरिया आवारा पशुओं से मुक्त रहने चाहिए। इसके लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। फूसगढ़ गौशाला में मौजूद सभी पशुओं को टैग लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए।

### बल्क वेस्ट जेनरेटरों की होगी सख्त चेकिंग

मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि शहर में सभी बड़े कचरा उत्पादकों की नियमित जांच हो और नियमों की अवहेलना पर भारी जुर्माना लगाया जाए।

### सी एंड डी वेस्ट प्लांट जल्द शुरू होगा

करनाल नगर निगम क्षेत्र में निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कचरे के निस्तारण के लिए गांव दहा में 15 टीपीडी क्षमता का प्लांट लगाया जाएगा, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव

कार्यकारी अभियंता ओ.पी. करदम ने बताया कि शहर में दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां उपचारित पानी से नियमित छिड़काव कर रही हैं। मुख्य सड़कों की सफाई रोड स्वीपिंग मशीन से करवाई जा रही है।

# जिला कष्ट निवारण समिति बैठक में 13 शिकायतें सुनीं, 7 का समाधान

- सड़क सुरक्षा पर 7 हजार शिकायतें, 4 हजार का निपटारा
- 6 मामलों में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक पंचायत भवन में हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कुल 13 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि 6 मामलों में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए अगली बैठक में प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करने को कहा गया।
मंत्री गंगवा ने बताया कि /"म्हारी सड़क ऐप/" पर प्राप्त 7000 से अधिक शिकायतों में से 4000 शिकायतों का निपटारा किया गया है। धुंध के मौसम को देखते हुए सभी सड़कों पर व्हाइट पट्टी और रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है।



जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतें सुनते विधायक व उपायुक्त।

### पटवारी सस्पेंड, गलत तरीके से ली गई सब्सिडी की रिकवरी के आदेश

गांव साम्भली में ईश्वर नामक व्यक्ति द्वारा गैर कृषि भूमि को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर गलत तरीके से पंजीकृत कर आर्थिक लाभ लेने के मामले में मंत्री गंगवा ने संबंधित पटवारी को निलंबित करने और ईश्वर से रिकवरी के आदेश दिए।

### लाडो लक्ष्मी योजना पर मंत्री गंगवा का बयान

पत्रकारों के सवाल के जवाब में मंत्री गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना की दूसरी किस्त जारी कर दी है। सालाना एक लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों की 7 लाख से अधिक महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

### एसवाईएल पर बोले, यह हमारा अधिकार है

एसवाईएल मुद्दे पर उन्होंने कहा कि "यह केवल पानी नहीं, बल्कि हमारा वैधानिक अधिकार है।" पंजाब सरकार के बयानों को उन्होंने असंवैधानिक बताया।बैठक में विधायक भगवानदास कबीरपंथी, विधायक जगमोहन आनंद, विधायक योगेंद्र राणा, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया, मेयर रेणु बाला गुप्ता सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# आर्थिक दबाव में फंदा लगाकर फैक्ट्री मालिक ने दी जान, उठे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज करनाल

रामनगर क्षेत्र में डिस्पोजल फैक्ट्री के मालिक रविंद्र मेहता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला और उलझ गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि नकली गहनों को गिरवी रखकर लिए गए लोन, कर्मचारियों के दस्तावेज़ों के दुरुपयोग और बैंक की लापरवाही ने रविंद्र को मानसिक दबाव में धकेल दिया था। पुलिस मामले की विभिन्न कोणों से जांच कर रही है
मृतक रविंद्र मेहता ने अपनी फैक्ट्री में काम करने वाली कर्मचारी सीमा के दस्तावेज़ों के आधार पर करीब 12–13 लाख रुपये का लोन 3–4 महीने पहले लिया था। सीमा करनाल के रामनगर क्षेत्र की रहने वाली है। सीमा के पिता और भाई का कहना है कि फैक्ट्री मालिक का उन पर गहरा भरोसा था। उनके अनुसार, सीमा की आर्थिक स्थिति इतनी नहीं थी कि उसके नाम पर इतना बड़ा लोन स्वीकृत किया जाए, लेकिन रविंद्र ने भरोसे के चलते उसके कागज़ों पर लोन ले लिया। मंगलवार को बैंक अधिकारी सीमा के घर पहुंचे और बताया कि सीमा के नाम पर जो गहने गिरवी रखे गए थे, वे नकली हैं।

### बैंक में गोल्ड चेकर भी था रविंद्र, शक की दिशा बढ़ी

सीमा ने बताया कि वह पिछले चार साल से रविंद्र की फैक्ट्री में काम कर रही है और वह बैंक में गोल्ड वैरिफिकेशन का काम भी करता था। आरोप है कि रविंद्र ने उसी बैंक से लोन लिया और नकली गहने जमा करा दिए।
सीमा ने बताया कि सोमवार को रविंद्र मानसिक तौर पर काफी परेशान था। मंगलवार दोपहर 12 बजे वह फैक्ट्री आया और बोला कि फैक्ट्री बंद कर दो। जब मैंने कारण पूछा तो कहा—बस बंद कर दो। मैंने चाबी ली और घर जाने लगी तो उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि वह घर जा रहा है।

### साक्ष्य जुटाए गए

रविंद्र ने आत्महत्या की है। दोपहर बाद उसने कर्मचारियों की छुट्टी की, फैक्ट्री मुख्य गेट पर ताला लगाया और अंदर छोटे दरवाजे से गया। अंदर से लॉक लगाकर फंदा लगा लिया।"एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया और साक्ष्य जुटाए गए हैं।

# तीन दिन बाद जंगल से मिला रामलाल का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के नौरेटा गांव में दूल्हे के पिता रामलाल की रहस्यमयी गुमशुदगी और हत्या का मामला पुलिस ने तीन दिन बाद सुलझा लिया। बुधवार शाम करनाल पुलिस ने यमुनानगर के जंगल से रामलाल का शव बरामद कर लिया। लगातार पुलिस को गुमराह कर रहे आरोपी आबिद उर्फ़ फईम को गिरफ्तार कर लिया गया है।
गांव में आक्रोश इतना बढ़ गया था कि मंगलवार को ग्रामीणों ने इंद्री थाने में जमकर हंगामा किया था और एसपी से मिलने की भी बात कही थी। ग्रामीणों बताया कि आबिद पहले जिस बाइक से आया था, उसे घर पर खड़ी कर दूसरी बाइक से ले गया। आगे घटना वाले दिन आरोपी आबिद जिस बाइक से रामलाल को लेकर गया था, वही बाइक बाद में घटना के बाद रामलाल के घर पर खड़ी मिली। इसके बाद वह अपनी दूसरी बाइक पर बैठकर चला गया।
एक दिसंबर को आरोपी ने बयान बदला और कहा कि हथिनी कुंड बैराज पर फेंका था। सूत्रों के अनुसार, 1 दिसंबर को पुलिस जब आरोपी को कलेसर ले गई तो उसने बयान बदलते हुए कहा कि उसने रामलाल को मारकर कपड़े उतारे, हाथ-पैर बांधे और बोरी में डालकर हथिनी कुंड बैराज पर फेंक दिया।

### 28 नवंबर को बैंक से निकाले थे रुपये, 80 हजार थे पास

ग्रामीण विक्रांत कुमार ने बताया कि 28 नवंबर को रामलाल को ओरिएंटल बैंक में पैसे निकलवाने के लिए ले जाया गया था। आरोपी वहीं मौजूद था और वहीं से उसने रामलाल को देखा। रामलाल ने बैंक से करीब 1 लाख रुपये निकाले थे। इनमें से 20 हजार रुपये उसने घर पर दे दिए थे और करीब 80 हजार रुपये आरोपी के पास ही रह गए थे। इसके अगले दिन यानी 29 नवंबर को आरोपी रामलाल के घर पहुंचा और मीठी-मीठी बातें कर उसे अपने साथ ले जाने की बात कही।

### रास्ते में आबिद ने उसे भांग की बीड़ी पिलाई

परिजनों ने बताया कि आरोपी रामलाल को अपने साथ ले गया और रास्ते में कहीं भांग की बीड़ी पिलाई। इसके बाद दोनों आगे निकल गए। शाम तक भी रामलाल घर नहीं लौटा, जिसके बाद परिजनों ने इंद्री थाने में शिकायत दी। ग्रामीणों को शक हो गया कि रामलाल के साथ कोई अनहोनी हुई है।

### सीसीटीवी में आबिद रामलाल को साथ ले जाता दिखा

पुलिस ने बाइक भी बरामद कर ली गांव के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर आरोपी आबिद रामलाल के साथ जाते हुए दिखाई दिया। इसी आधार पर पुलिस ने उसे संदेह के दायरे में लेते हुए पूछताछ शुरू की। कुछ ही घंटों में पुलिस ने घटना वाली बाइक भी बरामद कर ली और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

### आरोपी बार-बार बयान बदलता रहा

कभी कहा नशे में था, कभी कहा याद नहीं कि शव कहां फेंका
30 नवंबर को पुलिस आरोपी को कलेसर जंगल लेकर गई, लेकिन वहां कोई सुराग नहीं मिला। आरोपी बार-बार बयान बदलता रहा कहा नशे में था, मुझे याद नहीं कि शव कहां फेंका। शव बरामद न होने से परिजन बेहद गुस्से में थे और लगातार दबाव बढ़ा रहे थे।



करनाल। गुरविंद्र कौर कोमहिला विंग में प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने के बाद नियुक्ति पत्र सौंपते पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### गुरविंद्र कौर बनीं कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव

**करनाल।** कांग्रेस सेवादल की सक्रिय सदस्य गुरविंद्र कौर को महिला विंग में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। सीएचडी सिटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डा. पूनम चौहान, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनीता शर्मा, जिला प्रधान अनिल शर्मा और प्रदेश सचिव बलजीत चौहान ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। गुरविंद्र कौर ने आभार जताते हुए कहा कि वह सेवादल के संविधान के अनुसार कार्य करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ेंगी। डा. पूनम चौहान और सुनीता शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सेवादल राजनीति के माध्यम से जन सेवा के प्रयासों में लगातार सक्रिय रहा है और भविष्य में भी समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जाती रहेंगी। जिला प्रधान अनिल शर्मा ने कहा कि महिलाओं की भूमिका कांग्रेस सेवादल में हमेशा महत्वपूर्ण रही है और वरिष्ठ पदाधिकारी आश्वस्त हैं कि गुरविंद्र कौर नई जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगी।

# सीजीसी की बैठक में शहर की समस्याएं उठीं शौचालय, सड़क सुरक्षा और शिक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी (सीजीसी) की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को करनाल क्लब में चेयरमैन प्रो. एस.एस. बरगोटा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपभोक्ता संरक्षण एवं आरटीआई, शिक्षा सुधार, बिजली एवं दूरभाष, कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, नगर स्वच्छता तथा महिला व बाल कल्याण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षा सुधार उप समिति के अध्यक्ष डा. एस.के. गोयल ने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए चिकित्सा शिविर लगाने का प्रावधान है, लेकिन समय पर कैंप न लगने के कारण कई विद्यार्थी लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को तुरंत अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। बैठक में पूर्व चेयरमैन महिंद्र कादियान,सचिव एस.के. शर्मा, वाइस चेयरमैन ओ.पी. सचदेवा, के.एल. विरमानी, संरक्षक प्रमोद गुप्ता, पूर्व चेयरमैन ए.पी.एस. चोपड़ा, संदीप लाठर, एस.एम. कुमार, डा. करूणा अरोड़ा, प्रो. संतोष बक्शी, उपभोक्ता संरक्षण एवं आरटीआई उप समिति के प्रधान नरेंद्र सुखन आदि रहे।




### सड़क निर्माण में देरी से हो रही परेशानी

उपभोक्ता संरक्षण उप समिति के वाइस चेयरमैन ओ.पी. सचदेवा ने कहा कि शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड तक सड़क निर्माण कार्य में देरी हो रही है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए दूध व पनीर के नमूनों में कई दुकानदार फेल पाए गए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।



**तरावड़ी।** प्रस्तुत करने वाले छात्रों की टीम को प्रोत्साहित करते हुये निदेशक पिथी चौधरी और विकास उतरेजा। **फोटो : हरिभूमि**

### महिला हिंसा उन्मूलन पर किया नाटक प्रस्तुत

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं कॉमर्स के विद्यार्थियों द्वारा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा का उन्मूलन विषय पर एक प्रभावशाली एकांकी नाटक प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। इस एकांकी नाटक का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा, असमानता तथा मानसिक व शारीरिक शोषण के प्रति जागरूकता फैलाना था। विद्यार्थियों ने घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, कार्यस्थल पर उत्पीडन तथा महिलाओं के अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को बेहद संवेदनशीलता और मजबूती के साथ मंचित किया। नाटक के संवाद, अभिनय और संदेश ने उपस्थित दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि महिलाओं के प्रति हिंसा का उन्मूलन केवल कानूनों से नहीं, बल्कि समाज और परिवार की सोच में सकारात्मक परिवर्तन से संभव है। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशक पिथी चौधरी और विकास उतरेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।



### पुलिस अकादमी में एड्स पर कार्यशाला का आयोजन

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी की डॉ. भीमराव अंबेडकर रंगशाला में एचआईवी एड्स विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन पुलिस अधीक्षक बलजिंदर सिंह ने निदेशक डॉ. अरशिन्दर सिंह चावला के निर्देश पर किया। कुल 2700 प्रशिक्षणार्थियों और 200 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। अतिथि वक्ता डा. मनीष कुमार, डिप्टी सीएमओ करनाल ने बताया कि आधुनिक समय में एचआईवी संक्रमण का प्रमुख कारण नशे की लत और नशेड़ी व्यक्तियों द्वारा एक ही सुई साझा करना है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक वर्षों में एचआईवी के लक्षण दिखाई नहीं देते, परंतु बाद में यह एड्स का रूप ले लेता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निःशुल्क एआरटी दवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं, जिनके नियमित सेवन से मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। हेल्पलाइन 1097 पर परामर्श उपलब्ध है। काउंसलर डा. कांता रानी ने बताया कि एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाएं दवाइयों के नियमित सेवन से स्वस्थ शिशु को जन्म दे सकती हैं। प्रभावित व्यक्तियों के लिए पौष्टिक आहार हेतु आर्थिक सहायता भी दी जाती है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बलजिंदर सिंह, डिप्टी एसपी शरीफ सिंह, मनीषा, लैब टेक्नीशियन मीत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 13 को लगने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर बैठक

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी इंश्योरेंस कंपनियों के प्रतिनिधि, बैंक प्रबंधक, बिजली विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन भी मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को जिला न्यायालय सहित उपमंडल इन्द्री, असंध और घरौंडा में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकतम मुकदमों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से कराया जाए।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सेमिनार का आयोजन

# दिव्यांगों को ई-रिक्शा देकर किया सम्मानित

- विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और जस्टिस ललित बतरा ने दिए प्रेरक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा मानवाधिकार आयोग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सेमिनार आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग के चेयरपर्सन व हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस ललित बतरा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण मौजूद रहे।
विधानसभा अध्यक्ष ने कहाकि समाज तभी सभ्य है जब वह कमजोर के प्रति संवेदनशील हो हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि संविधान का मूलभाव सभी नागरिकों के लिए समानता और गरिमा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि "जिस समाज में कमजोर, गरीब और दिव्यांग व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता हो, वही समाज वास्तव में सभ्य कहलाता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की और ग्लोबल वार्मिंग को गंभीर चुनौती बताया। मानवाधिकार आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस बतरा ने कहा—दिव्यांग अधिकार मानवाधिकार हैं। जस्टिस ललित बतरा ने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति समाज के केंद्र में हैं, हाशिये पर नहीं। उन्होंने कहा कि "हम कोई नए अधिकार नहीं दे रहे, हम केवल यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दिव्यांग व्यक्ति भी वही मौलिक अधिकार पूरी तरह प्राप्त करें जो बाकी नागरिकों को मिले हैं। उन्होंने शिक्षा संस्थानों, कार्यस्थलों और सरकारी विभागों में बढ़ती सुगम्यता की भी सराहना की।




### रिक्शा और प्रमाण पत्र वितरित

कार्यक्रम में 4 ई-रिक्शा और 20 रिक्शा वितरित किए गए। मूक-बधिर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, मेडिकल यूनिवर्सिटी के वीसी डा. विकास भाटिया, मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, एसपी जेल लखबीर सिंह बराड़ सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विकास कार्य तेज करने के निर्देश

**पानीपत।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद एवं ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वहीं, बैठक में एचजीवीवाई योजना, मुख्यमंत्री खेत-खलिहान योजना, 5 करोड़ शंट विकास कार्य, एचआरडीएफ के तहत दो करोड़ तक के कार्य तथा विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना से संबंधित प्रोजेक्टों की प्रगति पर चर्चा की गई। डॉ. सिंह ने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि विधायकों द्वारा भेजे गए सभी प्रगति पर चल रहे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। जिन कार्यों के टेंडर हो चुके हैं उन्हें तुरंत शुरू करवाया जाए और नए प्राप्त कार्यों के एस्टीमेट बिना देरी तैयार किए जाएं।

### मोनिका सहगल बनी बेस्ट प्रिंसिपल

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका सहगल को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन 4.0 और राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार 2025 भगवती वेलफेयर सोसाइटी की ओर से वर्ष की सर्वश्रेष्ठ प्रिंसिपल का पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार समारोह करनाल स्थित बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित किया गया।

### पात्र नागरिक छह दिसंबर तक आवेदन करें

**पानीपत।** एडीसी डाक्टर पंकज यादव ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा निरंतर विभिन्न पहल की जा रही है। इसी के दृष्टिगत औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी भवनों, शैक्षणिक और प्रौद्योगिकी में नवाचार अपनाने वाले उपभोक्ताओं को पुरस्कार दिया जाएगा। बिजली/अन्य ईंधन बचाने के लिए अपने भवनों/इकाइयों में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने में उत्कृष्टता हासिल की है। वहीं पात्र नागरिक छह दिसंबर तक आवेदन करें।

### शहद उत्पादन करें नागरिक

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए सभी श्रेणी के आवेदकों को मधुमक्खी बॉक्स (बी बॉक्सिज) एवं मधुमक्खी कॉलोनिज (बी कॉलोनिज) पर 85 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। मधुमक्खी पालकों को शहद का मार्केट में उचित भाव न मिलने के कारण नुकसान से बचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा शहद को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया गया है। मधुमक्खी पालक समय पर पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाएं।

### दुष्यंत चौटाला ने रैली का न्योता दिया

**पानीपत।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जननायक जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर जुलाना में सात दिसंबर को होने वाली रैली को लेकर पानीपत ग्रामीण व समालखा हलके के गांव दीवाना, रिसालू, जलालपुर प्रथम, सनौली खुर्द, धनसौली, बबैल, कुटानी, चंदौली, गांजबढ़ ओर महमदपुर में ग्रामवासियों को निमंत्रण देने पहुंचे। इस अवसर पर जजपा जिला अध्यक्ष रामनिवास पटवारी, सुरेश काला, कृष्ण चंदौली, धर्मबीर गांजबढ़, पप्पू त्यागी, सुरेंद्र धोला, मनु मान, महेंद्र चावला, महाबीर, डॉ.आनंद, नितिन गौरव गिरि आदि पार्टी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संत शिरोमणि महाराज की जयंती पर कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** संत शिरोमणि श्रीसैन जी महाराज की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन लाडवा की अनाजमंडी में 4 दिसंबर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। जयंती समारोह को लेकर कुरुक्षेत्र के सर्किट हाउस में केश कला बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन यशपाल ठाकुर और सैन धर्मशाला के प्रधान काला रायसन ने समाज के लोगों की बैठक ली और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उन्हें अहम टिप्स देते हुए कार्यकर्ताओं की डियूटियां भी लगाईं।

## एसडी कॉलेज के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

# मानव शरीर को स्वस्थ्य रखने में रामबाण हैं खेल: डॉ. अरोड़ा

- खिलाड़ियों का आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के खिलाड़ियों ने शानदार खेल के दम पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज ताइकवांडो चैंपियनशिप में कीर्ति ने 87 किग्रा में स्वर्ण, कृष ने 74 रजत, साक्षी ने 76 में रजत, विशाल ने 58 में रजत, तन्नु ने में दो कांस्य, प्रीती ने 57 रजत व कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का मान बढ़ाया। वहीं, कीर्ति, कृष, साक्षी, विशाल और प्रीती का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए भी हो गया है जो कॉलेज के लिए एक विलक्षण उपलब्धि है। इधर, विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला बेनीवाल, प्रो. रेखा, प्रो. नीलम, कोच अंकुश मलिक, ग्राउंड्स मैन प्रताप और अन्य प्राध्यापकों ने जोरदार स्वागत किया। वहीं, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने युवा जीवन में खेलों में भाग लेने से युवाओं के सामाजिक कौशल का विकास होता है और वे टीम वर्क सीखते है जो गुण भविष्य में बहुत काम आते है । मस्तिष्क के विकास के लिए भी खेल बहुत जरुरी है। खेल अच्छी अंग विन्यास के विकास में काफी सहायक सिद्ध होते है। स्वस्थ हृदय, मजबूत श्वसनतंत्र और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए खेल रामबाण साबित होते है। प्रतियोगी भावना भी हमें खेलों से ही मिलती है। खेलों के इतने फायदे है जिन्हें गिनाना भी मुश्किल है। हर युवा को चाहिए की वह कम से कम एक खेल को अपने जीवन में जरुर अपनाए और इसमें दक्षता हासिल करें।

# दिव्यांगों की सेवा करना हर समर्थ नागरिक का कर्तव्य : कौर



पानीपत। दिव्यांगों के कैंप की जानकारी देते हुए विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

- पानीपत में दिव्यांगों के लिए तीन दिवसीय विशाल सहायता शिविर पांच से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं जयपुर फूट नई दिल्ली ब्रांच समिति के सहयोग से तीन दिवसीय शिविर पांच, छह, सात दिसंबर को जीटी रोड स्थित डेरा बाबा जोधा सचियार में आयोजित होगा। यह जानकारी डेरा बाबा जोध सचियार में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व मेयर अवनीत कौर ने देते हुए बताया कि दिव्यांगों की सेवा करना हर सामर्थ नागरिक का कर्तव्य है। कैंप की विशेषता यह है कि 15 डॉ. की टीम के साथ वर्कशॉप लगा कर कार्य किया जाता है ताकि व्यक्ति पांच घंटे के अंदर ही अपना कृत्रिम अंग लेकर घर जा सके। गत वर्ष प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का विशेष सहयोग रहा। वहीं, कैंप में जरूरतमंद लोगों के स्वास्थ्य संबंधी चेकअप और दवा दी जाएगी। इस नेक कार्य में विस्तारा कंसल्टेंट, डेरा बाबा जोध सचियार, सेवा भारती, रेड क्रास सोसायटी, नेशनल मेडिकल आग्रेनाइजेशन, राजस्थानी परिवार सेवा समिति, गरीब परिवार सेवा समिति, नादेवाला फाउंडेशन, सक्षम पानीपत, पाइट अपना सहयोग देगा।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, संदीप कौशिक, सुरेश काबरा, राकेश भार्गव, अनिल रोहिल्ला, भूपेंद्र सिंह, नरेश सिंगला, डेरा बाबा जोत सचियार से राकेश भयाना, अनिल मित्तल, डॉ.दिव्या, पीडी चौधरी, समर सिंह, अमित वर्मा, सुशील, तिलक सपरा, यतिन, सुनील, विसरुत, नमन, परवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

### हादसा पीड़ित परिवारों को मिलेगा मुआवजा

**पानीपत।** हरियाणा सरकार ने किसी भी दुर्घटना में घायल या मरने वाले नागरिकों के परिजनों को एक से पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दयालु-टू नाम से योजना शुरु की हुई है। जिसको हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास के तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। किसी दुर्घटना, आवारा या पालतू पशु की टक्कर से किसी नागरिक की मृत्यु हो जाती है या वह गंभीर रूप से घायल हो जाता है तो 12 साल तक की आयु के पीड़ितों को एक लाख रुपये, 12 से 18 साल तक की आयु के पीड़ित को दो लाख रुपये, 18 से 25 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति को तीन लाख रुपये, 25 से 45 साल की आयु के पीड़ित को पांच लाख रुपये तथा 45 साल से अधिक आयु के व्यक्ति को तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। डीसी ने बताया कि दुर्घटना में 70 प्रतिशत या इससे कम विकलांगता होने पर यही राशि मिलेगी। किसी नागरिक को कुत्ता काट लेता है तो एक दांत के निशान पर दस हजार रुपये व दो दांत के निशान पर बीस हजार तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### प्राचार्या नीलम गक्खड़ को किया सम्मानित

**पानीपत।** जिनवाणी विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल नीलम गक्खड़ को शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रिंसिपल नीलम गक्खड़ को नेशनल एजुकेशन समिट और राष्ट्रीय गरिमा अवार्ड 2025, भगवती वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया।

### मैजिक मग का जादू देखकर दर्शक दंग

**कुरुक्षेत्र।** मैजिक मग का जादू देखकर सब दंग रह जाते हैं। पहले तो सब काला दिखाई देता है लेकिन जैसे ही काले मग में गरम चाय या गरम पानी डाला जाता है तो मैजिक शुरू हो जाता है। देखते ही देखते काला मग सुंदर रूप ले लेता है और उसके अंदर छिपी सुंदर कलाकृतियां दिखाई देने लग जाती हैं।

# मानवता पर कलंक है कन्या भ्रूण की हत्या : साध्वी

- भारत की आधी आबादी महिलाओं की, सम्मान व विकास के अवसर मिलने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत





पानीपत। श्रीमद् देवी कथा करते हुए साध्वी भद्रा भारती व श्रीमद् देवी कथा में नृत्य करती श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा आयोजित फतेहपुरी चौक रामलीला ग्राउंड तहसील कैंप में बुधवार को पांच दिवसीय श्रीमद् देवी कथा के द्वितीय दिवस पर साध्वी भद्रा भारती ने कथा वाचन करते हुए बताया कि भगवान शंकर ने महर्षि गर्ग को कहा था जहां सर्वगुण संपन्न नारी ससम्मान निवास करती है, वत्स कोटि देवता भी उस स्थान को त्याग कर नहीं जाते। वहीं, स्त्री शब्द के अनेकों पर्यायवाची नारीत्व की इसी गरिमा के दर्शाते हैं। कन्या भ्रूण की हत्या मानवता पर कलंक है। सर्वप्रथम स्त्री शब्द को देखे स्त्री स्तु धातु से उत्पन्न होता है। इसका अर्थ है विस्तार फैलाव। वहीं, विनोबा भावे के अनुसार यह विस्तार प्रेम स्नेह ममता आदि का ही है इसलिए उन्होंने एक स्त्री को सामाजिक माता का दर्जा दिया। स्वामी विवेकानंद कहते हैं वह देश ही उन्नती कर सकता है जहां पर पुरुषों के समान ही नारी को सम्मान दिया जाता है।

जिस देश में नारी का सम्मान नहीं है वह देश कभी भी उन्नती नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज हम मां का जागरण करवाते हैं कंजक पूजन किया जाता है परंतु वही देवी से स्वरुप कन्या को हम घर में लाना नहीं चाहते अपितु घर में लाने से पहले ही उनका वध कर दिया जाता है। गर्भ में ही उसे मार दिया जाता है आज हमें जागरूक होना पड़ेगा यदि हम दूसरी दृष्टि से देखें क्या आज हमारी बेटियां सामाजिक धार्मिक कार्य नहीं कर रही, यदि सामाजिक दृष्टि से बात करें वह झांसी की रानी ताराबाई किरणमती जैसे वीर वीरांगनाओं ने अपने राष्ट्र का स्वाभिमान भंग नहीं होने दिया, ऐसे ही धार्मिक आचरण करने वाली नारियां जैसे साध्वी गार्गी श्रुत वती सिद्धा ने अपने उपदेशों से लोगों को नयी राह दिखाई। उन्होंने कहा कि आज भी नई हर क्षेत्र में पुरुषों के समान कार्यरत हैं, यदि हमारी बेटियां समाज में इतना कुछ कर रही है तो हमारी सोच क्यों नहीं बदल रही यदि मां जगदंबा का हम वरदान लेना चाहते हैं तो उनकी कंजकों का भी सम्मान करना चाहिए यह तब ही संभव है जब हम भीतर से जागरूक होंगे।

### स्टिंग एनर्जी व मर्सीडीज ने वैश्विक साझेदारी की

**पानीपत।** पेप्सिको में इंटरनेशनल बेवरेजेज के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर यूजीन विलमसेन ने बताया कि पेप्सिको केइलेक्ट्रिफाइंग एनर्जी ड्रिंक और फॉर्मुला वन की ऑफिशियल टीम पार्टनर स्टिंग एनर्जी ने मर्सीडीज-एएमजी पेट्रोनास एफ वन टीम के साथ साझेदारी करते हुए अपना गियर बदल दिया है। वहीं, मर्सीडीज-एएमजी पेट्रोनास एफ वन टीम के टीम प्रिंसिपल एवं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर टोटो वुल्फ ने कहा कि पेप्सिको जैसी मजबूत पोर्टफोलियो वाली कंपनी को अपने पार्टनर इकोसिस्टम से जोड़ना हमारी टीम और हमारे खेल की मजबूती का एक और संकेत है। एक ब्रांड के तौर पर पेप्सिको इनोवेशन एवं एक्सीलेंस के माध्यम से अल्टीमेट परफॉर्मेंस की चाह रखने की हमारी पहचान के अनुरूप है। वहीं, इस साझेदारी की घोषणा एक डिजिटल फिल्म के माध्यम के एक कार के जरिये की गई।

# नारी विरुद्ध हिंसा समाज के लिए घातक



पानीपत। इनर व्हील क्लब के ऑरेंज द वर्ल्ड वैश्विक अभियान में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- इनर व्हील क्लब ने ऑरेंज द वर्ल्ड जागरूकता रैली निकाली

इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की अध्यक्ष रुपाली चोपड़ा के नेतृत्व में ऑरेंज द वर्ल्ड वैश्विक अभियान के तहत महिलाओं व लड़कियों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वहीं, रैली में गुरुकुल, मॉडल टाउन की छात्राओं बढ़ चढ़ कर भाग लिया। रैली में छात्राओं ने अपने हाथों से बनाए पोस्टर, सशक्त स्लोगन और आकर्षक बैज प्रस्तुत करते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानवता पर एक धब्बा है और इसे रोकने में समाज का हर सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। छात्राओं का उत्साह और रचनात्मकता कार्यक्रम की विशेष पहचान बनी।

इस आयोजन में क्लब की प्रमुख सदस्यों मंजरी चड्ढा, मोनिका बठला और अंजू चौहान ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रैली में क्लब संपादिका श्वेता मिगलानी समेत बड़ी संख्या में लड़कियों और महिलाओं ने भाग लिया।

# विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और अभिव्यक्ति से सभी को मंत्रमुग्ध किया

- विद्यार्थियों को सृजनशील बनाती है प्रतियोगिताएं : डॉ. शशि
- प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज में अंग्रेजी के विद्यार्थी डॉक्टर फॉस्टस पर प्रेजेंटेशन देते हुए। फोटो : हरिभूमि

आईबी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से एमए प्रथम वर्ष अंग्रेजी के विद्यार्थियों के लिए डॉक्टर फॉस्टस पर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और अभिव्यक्ति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेजेंटेशन अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की समग्र प्रतिभा के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम दहिया ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों को सृजनशील और संवेदनशील बनाती हैं। इस प्रतियोगिता का संचालन और आयोजन अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका दीप्ति शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## सालाना उर्स में देश व विदेश से जायरीन पहुंचे

# हजरत तुर्क के उर्स में अमन व तरक्की की दुआ की

- भाजपा नेताओं ने ख्वाजा की मजार पर चादरपोशी कर सद्भावना का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। हजरत शाह विलायत की मजार पर चादरपोशी करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया आदि। फोटो : हरिभूमि

हजरत ख्वाजा हाफिज शम्सुदीन शम्युलअर्ज शाह विलायत साहब तुर्क में 746वां सालाना उर्स मुबारक का बुधवार के दुनिया की सुख समृद्धि की मनोकामना के साथ समापन हो गया। अंजुमन गुलामाने चिश्तिया साबरिया वेल्फेयर सोसायटी के अध्यक्ष सज्जादानशीन और मुतवल्लि ने दुनिया की शांति और खुशहाली के लिए दुआ की। सैय्यद ख्वाजा मेराज हुसैन सावरी ने बताया कि सालाना उर्स में देश व विदेश से जायरीन पहुंचे और उन्होंने नमाज अदा कर दुनिया में सद्भावना, शांति, तरक्की की दुआ अल्लाह से की। जमाज ईशा महफिल-ए-शमा चालियों का आयोजन किया गया, इसमें विभिन्न राज्यों से पहुंचे कव्वालों ने शिरकत की और देर रात तक अपने सुफीयाला कलाम सुनाए। दूसरी ओर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, भाजपा नेता चेतन तनेजा, विजय सहगल, हिमांशु वीरमणि समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने चादरपोशी कर धार्मिक सद्भावना का संदेश दिया।

# साइबर क्राइम के विरुद्ध जागरूक किया

- स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। साइबर क्राइम के विरुद्ध जनता को जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

जिला पुलिस द्वारा बुधवार को साइबर राहगीरी कार्यक्रम के तहत आईबी कॉलेज, आर्य कॉलेज, आर्य बाल भारती स्कूल, डीएवी स्कूल, आईटीआई, गीता युनिवर्सिटी नौल्था, एसडी इंटर नेशनल स्कूल, रेलवे स्टेशन, गवर्नमेंट स्कूल बापौली, पानीपत व सनौली टोल प्लाजा, सैठी चौक, भावना चौक व मतलौडा में बस अड्डा पर विद्यार्थियों व नागरिकों को साइबर क्राइम की जानकारी देकर हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारें में जानकारी देकर जागरूक किया। जिले में साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी राजबीर सिंह ने बताया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं। आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो बिना किसी देरी के जल्द से जल्द 'इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम थाना या नजदीकी थाना/चौकी में सूचना दें। 1930 पर तुरंत प्रभाव से शिकायत दे ट्रांजेक्शन फ्रीज करवाए और वित्तीय हानि से बचे।

